यदि आप NYC में एक भुगतान प्राप्त करने वाले देखभाल कर्मी हैं, तो अब आपके पास कार्यस्थल संबंधी सवालों और शिकायतों के लिए एक समर्पित शहरी संसाधन है: उपभोक्ता मामलों का विभाग (Department of Consumer Affairs, DCA) श्रम नीति एवं मानक के कार्यालय के भीतर भुगतान प्राप्त देखभाल डिवीजन है।

भुगतान प्राप्त करने वाले देखभाल कर्मियों में घरेलू देखभाल और घरेलू कार्यकर्ता जैसे कि घर पर देखभाल करने वाले स्वास्थ्य सहायक, निजी देखभाल सहायक, घरेलू परिचारक, नैनीज़ (आया), देखभाल प्रदानकर्ता, और घर की सफाई करने वाले शामिल हैं।

DCA ने इस समीक्षा को तैयार किया है ताकि आपको महत्वपूर्ण अधिकारों और संसाधनों के बारे में जानने में मदद मिले।

अधिक जानकारी के लिए, **311** पर कॉल करें और "Paid Care" के लिए पूछें या **nyc.gov/dca** पर जाएँ।

आपके अधिकार

आपको अधिकार प्राप्त हैं चाहे आपकी आव्रजन स्थिति कोई भी क्यों न हो।

न्यूनतम मजदूरी

आप एक निजी घर या व्यक्ति के लिए विशेष रूप से काम करते हैं या अगर आपके नियोक्ता के पास 10 या कम कर्मचारी हैं, तो न्यूनतम मजदूरी $10.50 प्रति घंटा है।

यदि आपके नियोक्ता, एक घर पर देखभाल एजेंसी सहित, के पास 11 या अधिक कर्मचारी हैं, तो न्यूनतम मजदूरी $11.00 प्रति घंटा है।

आपका नियोक्ता आवश्यक न्यूनतम मजदूरी से अधिक भुगतान कर सकता/ती है।

अधिक जानकारी या वेतन से संबंधित किसी शिकायत को दर्ज करने के लिए, न्यूयॉर्क राज्य विभाग की श्रम की वेबसाइट (New York State Department of Labor) labor.ny.gov पर जाएँ या 1-888-4-NYSDOL (1-888-469-7365) पर कॉल करें।

क्या आप किसी Medicaid प्राप्तकर्ता को घर पर देखभाल सेवाएं प्रदान करने वाले एक कर्मी हैं? यदि ऐसा है, तो आप न्यूयॉर्क राज्य के वेतन समानता कानून द्वारा कवर किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, 311 पर कॉल करें और "Paid Care" के लिए पूछें।

काम के घंटों के लिए भुगतान

आपको हर उस घंटे के लिए के लिए भुगतान किया जाना ज़रूरी है जब आपने काम किया है, जिसमें आपकी निर्धारित शिफ्ट के पहले और/या बाद का काम और काम के दिन के दौरान यात्रा पर व्यतीत किया गया समय शामिल है। *अधिक जानकारी के लिए, 311 पर कॉल करें और "Paid Care" के लिए पूछें या nyc.gov/dca पर जाएँ।*

ओवर टाइम

यदि आप एक सप्ताह में 40 घंटे से अधिक काम करते हैं, तो आपके नियोक्ता का ओवरटाइम के घंटों के लिए कम से कम आपके वेतन की नियमित दर का 1.5 गुना भुगतान करना ज़रूरी है।

यदि आप एक घरेलू कामगार हैं जो अपने नियोक्ता के घर रहता/ती है, आपके नियोक्ता को एक सप्ताह में 44 घंटे काम करने के बाद ओवरटाइम का भुगतान करना होगा।

सवैतनिक अस्वस्थता अवकाश

यदि आप NYC में एक साल में 80 घंटों से अधिक काम करते हैं, तो आप प्रत्येक वर्ष स्वयं की, अपने बच्चे, या परिवार के अन्य सदस्यों की देखभाल के लिए 40 घंटे का अस्वस्थता अवकाश अर्जित कर सकते हैं। यदि आप घरेलू कर्मी हैं, तो रोज़गार के एक साल के बाद, आपके घरेलू नियोक्ता का न्यूयॉर्क राज्य श्रम कानून के तहत तीन दिन के सवैतनिक आराम के साथ-साथ दो दिन का सवैतनिक अस्वस्थता अवकाश देना ज़रूरी है। आपके अस्वस्थता अवकाश का अनुरोध करने या लेने की वजह से किसी नियोक्ता का आपके खिलाफ़ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करना ग़ैरकानूनी है। *अधिक जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, nyc.gov/PaidSickLeave पर जाएँ या 311 पर सम्पर्क करें।*

भेदभाव मुक्त कार्यस्थल

NYC मानव अधिकार कानून चार या इससे अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं पर लागू होता है। यह राष्ट्रीय मूल, जाति, धर्म/पंथ, लिंग, और लिंग पहचान सहित कई संरक्षित वर्गों को कवर करता है, और किसी भी निर्णय में भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है जो रोज़गार की शर्तों और स्थिति को प्रभावित करते हैं। *यदि आपके साथ भेदभाव हुआ है या आप उसके गवाह हैं, तो NYC मानव अधिकार कमीशन इंफोलाइन को 311 पर कॉल करें।*

न्यूयॉर्क राज्य मानव अधिकार कानून नियोक्ता के आकार की परवाह किए बिना, जाति, धर्म, या राष्ट्रीय मूल के आधार पर यौन उत्पीड़न और उत्पीड़न से घरेलू कर्मियों की रक्षा करता है। *मानव अधिकार डिवीजन से 1-888-392-3644 पर सम्पर्क करें।*

नौकरी तलाशने वालों का संरक्षण

DCA उन रोज़गार एजेंसियों को लाइसेंस प्रदान करता है जिनका फीस और रिफंड, अनुबंध और प्राप्तियों, और अन्यों के बारे में कानून का पालन करना ज़रूरी है। *nyc.gov/dca पर नौकरी तलाशने वालों के अधिकारों के बिल को प्राप्त करें या किसी रोज़गार एजेंसी के बारे में शिकायत दर्ज करने के लिए 311 पर सम्पर्क करें।*

सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल

आपके कार्यस्थल का स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरों से मुक्त होना ज़रूरी है। आपको नौकरी पर खतरों के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त करने का भी अधिकार है। *कोई शिकायत दर्ज करने के लिए OSHA.gov पर जाएँ या 1-800-321-OSHA (1-800-321-6742) पर कॉल करें।*

यदि आपको काम पर होने के दौरान कोई चोट लग जाती है, फिर चाहे दोष किसी का भी क्यों न हो, तो आप अपने वेतन और चिकित्सा उपचार के कुछ हिस्से को कवर करने के लिए मुआवजा प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। *अधिक जानकारी के लिए wcb.ny.gov पर जाएँ या 1-877-632-4996 पर कॉल करें।*

सवैतनिक देखभाल डिवीजन

सवैतनिक देखभाल कर्मियों के अधिकारों की रक्षा करने, सवैतनिक देखभाल नौकरियों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, और सवैतनिक देखभाल प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए समर्पित है।

हम निम्न के माध्यम से NYC में सवैतनिक देखभाल कर्मियों की मदद करते हैं:

- **सार्वजनिक आउटरीच और शिक्षा** कर्मियों को उनके अधिकारों और सिटी संसाधनों की उपलब्धता के बारे में सूचित करने के लिए।
- **प्रवर्तन और शिकायत प्राप्त करने और रेफ़रल** स्थानीय, राज्य, और संघीय स्तर पर कार्यस्थल के उल्लंघनों से निपटने के लिए।
- कार्यकर्ता जनसांख्यिकी, काम की परिस्थितियों और उद्योग के मानकों, कार्यस्थल कानूनों को नियोक्ता अनुपालन, और कामगार सहकारी समितियों की प्रभावशीलता पर **अनुसंधान और नीति विकास**।

NYC Consumer Affairs

NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग (DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोजमर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता और उसे बेहतर बनाता है। श्रम नीति एवं मानक के हमारे कार्यालय के काम के माध्यम से, DCA कामगार परिवारों को वित्तीय स्वास्थ्य और काम और जीवन में संतुलन प्राप्त करने के लिए उनकी जरूरत के उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाकर सशक्त बनाता है।

Printed on 30% post consumer recycled paper

04/2017

अप्रवासन सहायता

ActionNYC आपके समुदाय में, आपकी भाषा में सुरक्षित, मुफ्त अप्रवासन कानूनी अनुवीक्षण प्रदान करता है। *nyc.gov/actionnyc पर जाएँ या 311 पर कॉल करें और "ActionNYC" कहें।*

अंग्रेज़ी कक्षाएँ

NYC विभाग का युवा और सामुदायिक विकास का अंग्रेजी भाषा कार्यक्रम नवीनतम न्यूयॉर्क वासियों को अंग्रेज़ी सीखने में मदद करने के लिए बनाया गया है। *अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dycd पर जाएँ।*

कम लागत वाला स्वास्थ्य बीमा

NYC मानव संसाधन प्रशासन आपको आपकी जरूरतों और बजट के मुताबिक स्वास्थ्य बीमा और देखभाल तलाशने में मदद कर सकता है। *मुफ्त व्यक्तिगत सहायता पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाणित एप्लीकेशन सलाहकार तलाशने के लिए, 311 पर कॉल करें, nyc.gov/health पर जाएँ, या NY स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट nystateofhealth.ny.gov पर जाएँ।*

सार्वजनिक लाभ

ACCESS NYC एक मुफ्त सेवा है जो आपको यह पता करने में सहायता करती है कि क्या आप 30 से अधिक शहरी, राज्य, और संघीय लाभ कार्यक्रमों के लिए पात्र हो सकते हैं। आप ACCESS NYC के माध्यम से कुछ कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। *ACCESS NYC के बारे में जानकारी के लिए nyc.gov/accessnyc पर जाएँ या 311 पर सम्पर्क करें।*

मुफ्त आर्थिक सलाह

NYC वित्तीय सशक्तीकरण केन्द्र मुफ्त आमने-सामने बैठकर दी जाने वाली पेशेवर वित्तीय सलाह की पेशकश करते हैं। यह सेवा गोपनीय है, और हमारे पेशेवर सलाहकार विविध भाषाएँ बोल सकते हैं। *एक अपाइंटमेंट निर्धारित करने के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/dca पर जाएँ।*

टैक्स संबंधी मुफ्त तैयारी

आप NYC की टैक्स संबंधी मुफ्त तैयारी सेवाओं के लिए पात्र हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन फाइलिंग करना और किसी IRS सत्यापित VITA/TCE स्वयंसेवक तैयारकर्ता के साथ व्यक्तिगत रूप से फाइलिंग करना शामिल है। *अधिक जानकारी के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/taxprep पर जाएँ।*

शैक्षणिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिटी नौकरी की तलाश करने वाले व्यक्तियों को मुफ्त सहायता की पेशकश करती है। *Workforce1 Career Center तलाशने के लिए nyc.gov/workforce1 पर जाएँ या 311 पर कॉल करें।*

NYC देखभाल कर्मियों की परवाह करती है

अधिकार और संसाधनों की एक समीक्षा

हिंदी | Hindi

NYC Office of the Mayor

Consumer Affairs

Lorelei Salas
Commissioner